


डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

बिहार

दैनिक



पटना, 06 मार्च, रविवार, 2023


## संपादक की कलम से




हमारे कांग्रेस कार्यकर्तागण हम अपने तमाम जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों और तमाम कार्यकर्ता से निवेदन करते है कि कांग्रेस दर्पण में अपने जिले और प्रखंड अस्तर की खबर को भेजें जिसे हम प्रमुखता से स्थान देते हैं, यहां कोई भी छोटा और बड़ा नही समझा जाता। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी को एक ताकतवर अध्यक्ष प्राप्त हुआ है और ऐसे में हम कार्यकर्ताओं की जवाबदेही है कि कांग्रेस से जुड़ी हर बात की जानकारी माननीय अध्यक्ष और तमाम कार्यकर्ताओं तक पहुंचाएं।



कांग्रेस दर्पण जिसमें एक सशक्त माध्यम है। आज के इस डिजिटल दुनिया में कांग्रेस दर्पण का निर्माण कार्यकर्ताओं को मजबूती प्रदान करने की एक पहल है अकबर इलाहाबादी ने कहा था-

**'ना बम निकालो ना तलवार निकालो जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो'**

-डॉ० संजय कुमार,
संपादक, कांग्रेस दर्पण सह काँग्रेस कार्यकर्ता। संपर्क -8252667278


## आज लंदन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के पुराने आवास, अंबेडकर हाउस में उन्हें श्रद्धांजली दी

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी बाबा साहेब की पावन जन्मभूमि, महू में संविधान की रक्षा की शपथ ली थी। भारत के लोकतंत्र और लोगों को संविधान के रूप में सबसे बड़ी ताकत देने वाले, बाबा साहेब से प्रेरणा लेकर प्रण है, इसके हर अंश की रक्षा पूरी शक्ति के साथ करूंगा, आखिरी दम तक।



# आज लंदन में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के पुराने आवास, अंबेडकर हाउस में उन्हें श्रद्धांजली दी










**कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने आज तुमकुर के कोरटागेरे में जिला कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस कैडर ने कर्नाटक में भाजपा के भ्रष्ट आचरण को समाप्त करने का संकल्प लिया है**

# सहरसा में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 05,03,2023 को पंडित राजेंद्र मिश्र कांग्रेस भवन कचहरी ढाला सहरसा में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) सहरसा के द्वारा किया गया। अभिनंदन समारोह का अध्यक्षता करते हुए इंटक जिलाध्यक्ष सत्यनारायण चौपाल ने कहा की वर्तमान परिस्थिति में जिस तरह देश में विध्वंस कारी शक्तियों का सत्ता स्थापित है वैसी स्थिति में, नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के सामने उस विध्वंस कारी ताकतों से लड़ने की चुनौती को स्वीकार करना होगा जिस तरह निर्भीक होकर देश के नेता राहुल गांधी जी ने 4000 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर गरीबों मजदूरों युवा किसानों एवं आम आवाम के समस्याओं से रूबरू होकर उनके समस्याओं को संकलित कर इस देश विक्रेताओं से संसद में लड़ाई लड़ रहे हैं उसी तरह आपको भी गांव कस्बा से लेकर राज्य स्तर तक सभी तबकों वंचितों की समस्याओं को लेकर लड़ाई लड़नी पड़ेगी और तभी आपका संगठन मजबूत होगा लोगों की निगाहें कांग्रेस पार्टी की तरफ टिकी हुई है जनता समझ चुकी है यह बीजेपी की सरकार देश बेचने वाली सरकार है इससे ना बेरोजगारों ना ही नौकरी पेशा लोगों नाही किसानों का भला होगा ना युवाओं को रोजगार मिलेगा नाही कमरतोड़ महंगाई रुकेगी इसीलिए इसे सत्ता से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है ।हमें उसका नेतृत्व करना है उन्होंने नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री नीरज कुमार निराला उपाध्यक्ष अमित कन्हैया उपाध्यक्ष मंजू यादव महासचिव शादाब आलम महासचिव संतोष कुमार पासवान एवं उपाध्यक्ष दीपक कुमार शाह के साथ सहरसा विधानसभा अध्यक्ष बाबुल सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा पप्पू यादव सोनबरसा विधानसभा अध्यक्ष कृत्यानंद सादा उपाध्यक्ष विक्की सिंह सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अध्यक्ष आरजू खान उपाध्यक्ष अब्दुल बासित एवं महेशी विधानसभा अध्यक्ष सनी ठाकुर सभी को फूल मालाओं एवं पाग चादर के साथ सम्मानित किया । नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष जिला अध्यक्ष श्री नीरज कुमार निराला ने अपने संबोधन में महिला इंटक अध्यक्ष आशा देवी के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि आने वाले समय में युवा कांग्रेसमें महिलाओं की भी भागीदारी अपेक्षाकृत सुनिश्चित किया जाएगा और पूरे जिले में हर युवाओं को कांग्रेस के साथ जुड़ने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा और मैं आपको आश्वस्त करता हूं की युवा कांग्रेस के संगठन के सामने जिले में कोई संगठन नहीं होगा। मैं आभारी रहूंगा कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के लोगों ने मेरा और मेरे निर्वाचित साथियों का अभिनंदन समारोह किया। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद नईम उद्दीन गयासुद्दीन खां कुमार हीरा प्रभाकर रामसागर पांडे बद्री यादव मजनू हैदर कैश रामशरण यादव दिवाकांत गिरी श्री विमल कांत झा कहरा प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह सोनबरसा के प्रखंड अध्यक्ष श्री सुरेंद्र नारायण सिंह पूर्व प्रत्याशी तारिणी ऋषि देव संजय कुमार सिंह महिला कांग्रेस श्रीमती रेखा झा इंटक जिलाध्यक्षा आशा देवी इंटक नेत्री खुशबू देवी झूना देवी ईसिया देवी शहीत सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।



# गया स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव में कांग्रेस पार्टी के संभावित उम्मीदवारों की मजबूत दावेदारी

पटना। कांग्रेस दर्पण

**गया।** गया स्नातक एवम् शिक्षक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद कांग्रेस पार्टी के स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए मजबूत दावेदारी संभावित उम्मीदवारों द्वारा पार्टी आलाकमान के पास रख दिया है।

गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के संभावित उम्मीदवार प्रोफेसर विजय कुमार मिठू एवम् गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संभावित उम्मीदवार पूर्व विधान परिषद डा अजय कुमार सिंह ने पार्टी आलाकमान के पास दोनो सीटो की दावेदारी पेश कर दिया है।




गया स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शुरू से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जीतते आए है, स्नातक क्षेत्र से रंजीत बहादुर सिंह, रामाश्रय प्रसाद सिंह, डा अजय कुमार सिंह आदि तथा शिक्षक क्षेत्र से प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह सात टर्म विजयी हुए है, यानी कुल मिला कर गया स्नातक, शिक्षक क्षेत्र कांग्रेस पार्टी का पुराना परंपरागत सीट रहा है, जिस पर पार्टी उम्मीदवार के चुनाव लडने का बेहतर दावेदारी बनती है। गया स्नातक एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, बक्सर आठ जिला में औरंगाबाद से आनंद शंकर, कुटुंबा से राजेश राम, चेनारी से सूबे के पंचायतीराज मंत्री मुरारी गौतम, करहगर से संतोष कुमार मिश्रा, बक्सर से संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, राजपुर से विश्वनाथ राम कांग्रेस के विधायक एवम् सूबे के पंचायती राज मंत्री भी है।कांग्रेस पार्टी स्नातक, शिक्षक मतदाता जागरूकता अभियान चला कर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु प्रेरित किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधान परिषद डा अजय कुमार सिंह, पूर्व विधायक मो खान अली, गया जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, जहानाबाद जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष हरिनारायण दिवेदी, औरंगाबाद कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष अरविंद सिंह, अरवल जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष धनंजय शर्मा, भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, रोहतास जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा विधायक, बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन, कैमूर जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सुरेंद्र पाल, सहित आठ जिला के सभी कांग्रेस कमिटी के सभी नेताओ कार्यकर्ताओं की तीव्र इच्छा है कि गया स्नातक, एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र जो कांग्रेस पार्टी की परंपरागत सीट रही है, उस पर कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव लडे। नेताओ ने कहा की यदि पार्टी आलाकमान इन दोनो सीटो पर उम्मीदवार उतारती है तो हम कांग्रेस जन चट्टानी एकता बना कर गया स्नातक, एवम् शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के आठ जिला में जम कर मेहनत कर पार्टी उम्मीदवार को जिताने का काम करेंगे।

**विजय कुमार मिठू**

# होली एवं शबे बरात से पहले गैस के दाम बढ़ाने से देश की जनता पर मंहगाई का असर : नूर आलम शेख़

पटना। कांग्रेस दर्पण

**सीतामढ़ी बिहार /** बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ जिला कोऑर्डिनेटर अध्यक्ष एवं समाजसेवी नूर आलम शेख़ जी ने कहा भाजपा की मोदी सरकार ने होली से ठीक पहले गैस के दाम बढ़ाकर देश की जनता को अच्छे दिनों का एक और उपहार दिया है। गैस के दाम बढ़ाने से निश्चित रूप से देश में महंगाई और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को जनता की हितेषी बताने वाली मोदी सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाये गये जबकि कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 350.50 रुपए बढाकर जनता पर भारी भरकम बोझ डाल दिया है। घरेलू गैस के दाम से आम गृहणी की रसोई पर असर पड़ेगा वहीं कमर्शियल सिलेंडर भी होटल व रेस्टोरेंट आदि में प्रयोग होते है और उसका असर भी आम जनता पर ही पडना है।




नूर आलम शेख़ ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान घरेलू सिलेंडर का रेट 410 रुपए था और आज भाजपा के समय इसकी कीमत बढ़कर 1110 रुपए हो गई है। बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार कांग्रेस की सरकार हाथ से हाथ जोड़ो जय कांग्रेस जय बिहार

**प्रदेश युवा कांग्रेस नूर आलम शेख़ युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अध्यक्ष जिला सीतामढ़ी**


# जनता के बीच झूठ परोसा जा रहा है और जनता को भ्रमित करने मे लगा है गोदी मीडिया और भाजपा के प्रवक्ता

पटना। कांग्रेस दर्पण

आज जीस तरह हो हल्ला मचाई हुई है मीडिया और भाजपा के लोग की राहुल गांधी देश का अपमान कर रहे है वह बिल्कुल ही जनता के बीच झूठ परोसा जा रहा है और जनता को भ्रमित करने मे लगा है गोदी मीडिया और भाजपा के प्रवक्ता अस्ल मे श्री राहुल गांधी देश का जो स्थिति है वह लोगो के बीच कह रहे है आप भी जानते है की देश की लोकतांत्रिक वयवस्था खतरे मे है मै पुछना चाहता हूँ भाजपा के लोग से की जब मोदी विदेश मे अपने ही देश का बुराई करते नही थकते थे उन्होने क्या क्या नही कहा था की भारत देश मे रहने मे हमे सरम लगता है हमारा देश अभी भी बहुत पीछे चल रहा है वहा की जनता किडे मकौडो की तरह रहते है और 70 साल मे कुछ भी विकास नही हुआ उस समय हमारा देश की विदेशी धरती पर अपमान




नही हो रहा था जीस पर प्रकार भाजपा और कुछ मीडिया का गठबंधन चल रहा है देश मे झूठे अफवाह फैला कर सत्ता मे बने रहने का वह ज्यादा दिन चलने वाली नही क्योकि जनता अब समझ चुकी है।





## पूर्व केंद्रीय मंत्री माखन लाल फोतेदार जी की जयंती पर सादर नमन

**अपने पांच दशक के लंबे राजनीतिक जीवन में जनता के अधिकारों के लिए अथक संघर्ष एवं पूरी गंभीरता के साथ उनकी सेवा करने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।**












अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में 6 दिवसीय महिला मड़ई के समापन के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री **Bhupesh Baghel** जी के नेतृत्व में महिलाओं को स्व-रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई नई राहें तैयार की है। इस मड़ई में छत्तीसगढ़ की महिलाओं के सशक्त होते कदमों और आत्मनिर्भर बनते जीवन की स्पष्ट झलक दिखाई देगी। इसके साथ महिला समूहों और उद्यमियों को प्लेटफार्म और नई पहचान मिलेगी।



राष्ट्रीय मज़दूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष, एवं INBCWF के कार्यकारी अध्यक्ष वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता आदरणीय श्री चन्द्र प्रकाश सिंह जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। 🌹 🌹 🎂 💐 🎂 🌹 🌹

इस अवसर पर ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है कि वह आपको वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि और समृद्धि के साथ आजीवन आपको गतिमान रखे.स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों, और हम सबको इसी तरह से आशीर्वाद देते रहें।




राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे जी के आह्वान पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान मटिहानी प्रखंड मुख्यालय से निकली बिशाल जुलुस के सकल में इसकी अगुवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य अभय कुमार सार्जन कर रहे थे

# आपसी प्रेम, भी चारा, सदभाव कायम रखने हेतु होली मिलन





पटना।कांग्रेस दर्पण

परिहार विधानसभा के सोनबरसा प्रखंड के ग्राम बनरझूला में श्री डॉ रामचन्द्र पूर्वे जी उप सभापति बिहार विधानमंडल के द्वारा आपसी प्रेम, भी चारा, सदभाव कायम रखने हेतु होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया जिस में मुख्य अतिथि श्री देवेश चन्द्र ठाकुर जी सभापति बिहार विधानमंडल, बाजपट्टी विधानसभा के विधायक श्री मुकेश यादव जी समेत दर्जनों नेतागण, सैकड़ों महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई कार्यक्रम में शामिल एम आई आदिल अध्यक्ष प्रखंड कांग्रेस कमिटी परिहार जिला सीतामढ़ी ने डॉ पूर्वे जी, विधायक मुकेश जी को रंग गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं, बधाई देकर हिन्दू - मुस्लिम एकता का मिशाल पेश किया साथ ही डॉ पूर्वे जी ,विधायक मुकेश जी ने एम आई आदिल को रंग गुलाल का टीका लगाया साथ ही एम आई आदिल ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगों को एवं समस्त देश वासियों को होली की शुभकामनाएं, बधाई दिया और शांति भाई चारा प्रेम सदभाव के माहौल में होली मनाने की अपील किया।

# निर्यात को पूरी तरह खोलते हुए किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलवाए केंद्र नीत एनडीए सरकार

पटना।कांग्रेस दर्पण

सरकारी अनुमान बताता है कि देश में इस वर्ष खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन होगा इससे ज्यादा तसल्ली की बात यह है कि ना केवल अनाज बल्कि दलहन और तिलहन की उपज भी शिखर पर होगी आम में शत-प्रतिशत मंजर देखने से ऐसा लगता है कि इस बार आम के बंपर उत्पादन होंगे इन दोनों जिंसों का दलहन -तिलहन भारत आयात करता है और वैश्विक बाजार में अच्छी खासी विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है यह सच है कि औसतन हर साल पैदावार बढ़ने के बाद भी किसान खुशहाल नहीं है इसका कारण यह है कि अगर उपज बढी तो कीमतें नीची हो जाती हैं और अगर उपज कम हुई तो कीमतों में वृद्धि पर बिचौलियों की गिद्ध दृष्टि रहती है बहर हाल अनाज का उत्पादन 2022- 2023 से 8 मिलियन टन से ज्यादा करीब 323 मिलीयन टन होने की उम्मीद है।

यह सरकार के लिए खुश होने से ज्यादा नई नीति बनाने का समय है गेहूं और चावल देश में अपनी जरूरत से ज्यादा पैदा हो रहा है ऐसे में सरकार की कोशिश होनी चाहिए कि अनाज के दाम गिरने ना पाए रूस- यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया के तमाम मुल्कों में अनाज की मांग बढ़ी है।

पिछले वर्ष भी ऐसी ही मांग थी लेकिन सरकार ने राजनीतिक कारणों से घरेलू बाजार में कीमतों पर अंकुश के लिए बीच में ही निर्यात रोकने का फैसला लिया अब सरकार को यह तय करना होगा कि वह



वर्ष 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर कीमतों पर रोक बनाए रखेगी या निर्यात को पूरी तरह खोलते हुए किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर मिल पाएगी

**............ रणजीत कुमार मुखिया जी पूर्व जिला सचिव बेगूसराय कांग्रेस कमिटी**

# सहरसा में सभी विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को किया गया सम्मानित



पटना।कांग्रेस दर्पण

सभी विधानसभा अध्यक्ष उपाध्यक्ष सम्मानित किया गया सहरसा जिला युवा कांग्रेस कमेटी सहरसा जिला अध्यक्ष युवा नीरज कुमार निराला सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा अध्यक्ष युवा मोहम्मद आरजू खान उपाध्यक्ष अब्दुल बासित सहरसा विधानसभा अध्यक्ष बाबुल सिंह

# राजेन्द्र आश्रम के प्रांगण में युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा होली मिलन समारोह

पटना ।कांग्रेस दर्पण

दिनांक 05/03/2023 दिन रविवार को गया जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय राजेन्द्र आश्रम के प्रांगण में युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिन के 01बजे दिन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

ईस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण, युवा कांग्रेस कमेटी के सभी नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष गण एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

ईस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी, युवा जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल कुमार, तीनों पूर्व प्रत्याशी डॉ शशिशेखर सिंह, मोहन श्रीवास्तव, सुमंत कुमार, जिला पदाधिकारी बाबुलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, रामप्रमोद सिंह, धर्मेंद्र निराला, डाक्टर गगन मिश्रा, रणजीत सिंह, मोहम्मद खैरूदीन, दामोदर गोस्वामी, कमलेश चंद्र वंशी, जगदीश प्रसाद यादव, विकास यादव, मोहम्मद फैयाज अहमद, बवलू शर्मा, रामाश्रय प्रसाद सिंह, कुंदन कुमार, बिपीन सिंहा, शिवकुमार चौरसिया, विनोद कुमार आदि शामिल हुए।




जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव जी ने सभी को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द वातावरण में होली एवं सवबरात पर्व को मनाने की बात रखे। ईस कार्यक्रम में होली गीत के साथ अध्यक्ष जी के संशोधन केबाद प्रारंभ किया गया। लाल गुलाल अबीर से राजेन्द्र आश्रम सराबोर हो गया।






पटना ।कांग्रेस दर्पण

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुशार आज भारतीय युवा कांग्रेस गया के तत्वाधान में गया जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र आश्रम मे होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह धूम धाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का आयोजन युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार एवम् युवा कांग्रेस के जिला कमिटी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भोजपुर, बक्सर से आए प्रसिद्ध युवा कलाकारों के शुभमंगली गायन, सभी कांग्रेस जन एक दूसरे को आपस में अबीर गुलाल लगाकर शुरू किया।

कार्यक्रम में उपस्थित गया जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव, प्रवक्ता प्रोफेसर विजय कुमार मिठू, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह वजीरगंज विधानसभा के उम्मीदवार रहे डा शशि शेखर सिंह, गया नगर निगम के महापौर वीरेंद्र पासवान उर्फ गणेश पासवान, पूर्व उपमहापौर सह गया शहर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अखौरी ओंकार नाथ श्रीवास्तव उर्फ मोहन श्रीवास्तव, टिकारी विधानसभा के प्रत्यासी सुमंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर कुमार, भुवन राम, जिला महासचिव दामोदर गोस्वामी, कुंदन कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, विद्या शर्मा, नवाब अली,धर्मेंद्र कुमार निराला, रंजीत कुमार सिंह, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उमाकांत गुप्ता, अमरजीत कुमार, बबलू शर्मा, मो खैरुद्दीन, रामाश्रय सिंह, शंभू शरण सिंह, रंजीत सिंह, मो गालिब आदि को युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल कुमार एवम् मो शमीम आदि ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में सभी युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवम् कलाकारों को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम को चंद्रिका प्रसाद यादव, विजय कुमार मिठू, डा शशि शेखर सिंह, मोहन श्रीवास्तव, सुमंत कुमार, आदि ने संबोधित करते हुए होली जैसे महान पर्व के महत्व बताते हुए सभी को होली की शुभकामनाए दी।

कार्यक्रम के अंत में स्थानीय स्कूल के छोटे, छोटे बच्चो ने होली का रंगा रंग गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया , युवा कांग्रेस ने इन बच्चों को भी चॉकलेट बॉक्स, रंग एवम् पिचकारी देकर हौसला अफजाई की।